बलद्वाड़ा कॉलेज में नए शिक्षा सत्र से सुचारु रूप से चलेंगी साइंस की कक्षाएं

प्रयोगशाला तैयार, क्षेत्र के विद्यार्थियों को घर-द्वार मिलेगी साइंस विषय पढ़ने की सुविधा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलद्वाड़ा (मंडी)। राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न संकायों में प्रवेश शुरू किया जाएगा। यह प्रवेश 3 जून से 15 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये संपन्न किया जाएगा।

इस बार नए सत्र से विशेष तौर पर साइंस की कक्षाएं सुचारु रूप से चलेंगी। क्योंकि विज्ञान विषयों के लिए जरूरी प्रयोगशाला बनकर तैयार हो गई है और छात्र-छात्राओं को अब इसकी सुविधा मिलेगी। इसके चलते

फाइनेंसिंग कोर्सों के तौर पर बीसीए, पीजीडीसीए के कोर्स भी होंगे शुरू

क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब साइंस विषय की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की सुविधा घरद्वार पर मिलेगी। कॉलेज में छात्र-छात्राओं और फैकल्टी के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है।

विशेष तौर पर विज्ञान विषय में मेडिकल एवं नॉन मेडिकल के सभी विषय सुचारु रूप से चलाए जाएंगे। प्रत्येक विषय में महाविद्यालय में सभी शिक्षक मौजूद हैं। ऐसे में अब विद्यार्थी प्रत्येक विषय आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा इस शैक्षणिक वर्ष में महाविद्यालय में सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज के तौर पर बीसीए, पीजीडीसीए के कोर्स भी शुरू करवाए जा रहे हैं। बीसीए के लिए कंप्यूटर लैब भी विकसित की जा चुकी हैं, जिसे शीघ्र ही सरकार से एनओसी मिल जाएगी।

कॉलेज पर रहता है तीसरी आंख का पहरा

बता दें कि महाविद्यालय का पूरा परिसर सीसीटीवी की निगरानी में है, जो कि छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से विशेष लाभदायक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार कौंडल ने बताया कि इस महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष तौर पर नामी कंपनियों में प्लेसमेंट ड्राइव की भी कोशिश की जाती है ताकि आगे शिक्षा जारी रखने में असमर्थ विद्यार्थियों को नामी कंपनियों में रोजगार मिल सके और वे आसानी से अपना जीवन यापन करने में समर्थ हो सकें। कहा कि अब तक कॉलेज के 6 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है।